एक नजर में

## युवा संगम मेले का आयोजन किया



**आलीराजपुर।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार सुक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग तथा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग द्वारा युवा संगम के तहत एक ही मंच पर युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला स्तरीय रोजगार एवं स्वरोजगार के लिये जिले की जनपद पंचायत के सभा ग्रह कट्ठीवाड़ा/ शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कट्ठीवाड़ा में जनपद प्रतिनिधि श्री रघूनाथ ठाकुर एवं जनपद पंचायत सीईओ की अध्यक्षता में युवा संगम मेले का आयोजन किया गया। मेले में निजी क्षेत्र की 02 कंपनियों ने भाग लिया। इस दौरान 39 युवा उपस्थित हुए तथा 08 युवाओं का प्रारंभिक रूप से चयन किया गया एवं ऑफर लेटर प्रदान किये गये। साथ ही जिला अस्पताल के स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा युवाओं को विभिन्न प्रकार की बीमारी से मुक्त रहने के लिए विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। उद्योग विभाग द्वारा 05 हितग्राही को 14.75 लाख के प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। यह चयन प्रक्रिया युवाओं को उद्योगों से जोड़ने और रोजगार के नये अवसर उपलब्ध करने की दिशा मे एक महत्वपूर्ण कदम है। उक्त जानकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य द्वारा दी गई।

## जिला स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स का भव्य आयोजन संपन्न



**आलीराजपुर।** कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स का आयोजन गत दिवस खेल परिसर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक रघुवंश कुमार सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जोबट विधायक श्रीमती सेना पटेल भी शामिल हुई। जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित यह प्रतियोगिता ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रमों की श्रृंखला का समापन थी, जो 16 जनवरी से 19 जनवरी 2026 तक जिले के विभिन्न विकास खंडों में आयोजित की गई थी। इन ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताओं में चयनित खिलाड़ियों ने जिला स्तर पर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में क्रिकेट, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स, योग, शतरंज, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, फुटबॉल, टेबल टेनिस, पिट्ठू, रस्साकशी सहित अनेक खेलों का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने उत्साह एवं अनुशासन के साथ भाग लिया। विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ियों को इंदौर संभाग भेजे जाने की प्रक्रिया भी पूर्ण की गई। खेलो एमपी यूथ गेम्स के अंतर्गत संभाग स्तर पर चयनित खिलाड़ी आगामी तिथियों में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। यह राज्य स्तरीय आयोजन विभिन्न संभागों में 31 जनवरी 2026 तक संपन्न होंगे। इस संपूर्ण आयोजन से जिले के लगभग 1500 बालक एवं बालिकाओं ने लाभ लिया। उक्त जानकारी जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग अधिकारी द्वारा दी गई।

## श्री बड़केश्वर महादेव मंदिर पर चार दिवसीय आयोजन के साथ शिव-पार्वती विवाहोत्सव मनाया जाएगा

### श्री बड़केश्वर महादेव ग्रुप की बैठक हुई संपन्न



**झाबुआ।** शहर के नेहरू मार्ग पर प्राचीन संतोषी माता मंदिर स्थित श्री बड़केश्वर महादेव मंदिर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष चौथा शिव-पार्वती विवाहोत्सव का आयोजन धूमधाम से एवं हर्षोल्लासपूर्वक मनाया जाएगा। विवाह महोत्सव निमित्त 4 दिवसीय आयोजन रखे गए है। आयोजन को लेकर श्री बड़केश्वर महादेव ग्रुप की बैठक मंदिर परिसर में आयोजित हुई। जिसमें तय किया गया कि शिव-पार्वती विवाहोत्सव पर आगामी 13 से 16 फरवरी तक चार दिवसीय आयोजन किए जाएंगे। जिसमें प्रथम दिन 13 फरवरी, शुक्रवार दोपहर 3 बजे से गणेश पूजन बाद रात 8.30 बजे से मेहंदी एवं बन्ना-बन्नी गीत, 14 फवरी, शनिवार सुबह 8.30 बजे से माता पूजन, दोपहर 12.40 बजे मंडप सज्जा बाद रात्रि 8 बजे से भजन संध्या का आयोजन होगा। 15 फरवरी, रविवार को महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर दोपहर 12.30 बजे से श्री बड़केश्वर महादेवजी का रूद्राभिषेक बाद दोपहर 3.30 बजे से शिवजी की बारात शहर में बैंड-बाजों के साथ निकाली जाएगी। रात 8.40 बजे से मंदिर में शिव-पार्वतीजी के शुभ विवाह की विधि संपन्न की जाएगी। 16 फरवरी, सोमवार दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक मंदिर परिसर में महाप्रसादी एवं भंडारे का आयोजन रखा गया है। बैठक में श्री बड़केश्वर महादेव ग्रुप से जुड़े वरिष्ठजनों में शंकरलाल मिस्त्री, अनिल जैन, प्रवीण श्रीवास, पं. मोहित पुरोहित, ओम सोनी, जगदीश बैरागी, अमित चौहान, हार्दिक अरोड़ा, दक्ष बैरागी सहित अन्य मातृ शक्तियां उपस्थित रहीं। आगामी दिनों में शिव-पार्वती विवाहोत्सव की आमंत्रण-पत्रिकाओं का विमोचन भी किया जाएगा।

# उत्कृष्ट विद्यालय मैदान पर महाराज नो मेला का समापन

▸ क्षतिग्रस्त हुए ड्रेगन झूले को रखा गया है यथावत



**झाबुआ। शहर के उत्कृष्ट विद्यालय मैदान पर विश्व हिन्दू परिषद् एवं बजरंग दल द्वारा जिले के संत स्व. खुमसिंह महाराज की स्मृति में आयोजित 'महाराज नो मेलो' का 20 जनवरी को समापन हुआ। 21 जनवरी को मेले में झूले-चकरी लगाने वाले व्यवसाईयों द्वारा झूले खोलने के साथ दुकानदारों द्वारा भी अपनी दुकाने समेट दी गई। हॉलाकि मेले में जिस ड्रेगन झूले से हादसा हुआ था, उस झूले का वैसे ही यथावत रखा गया है। इस घटनाक्रम में झूले मालिक एवं ऑपरेटर पर पुलिस प्रशासन ने एफआईआर दर्ज की है। साथ ही जिला प्रशासन द्वारा इस घटनाक्रम में जांच भी की जा रहीं है।**

उल्लेखनीय है कि मेले की जिला प्रशासन से 1 से 20 जनवरी तक की अनुमति थी। 20 जनवरी तक मेला चलने के बाद 21 जनवरी, बुधवार को मेले में लगे झूले-चकरियों को खोलने का कार्य झूले-चकरी व्यवसायी करते देखे गए। मेले में करीब 8-10 छोटे एवं बड़े झूले-चकरी लगे थे। जिसमें से ड्रेगन झूला, जिससे विगत 19 जनवरी, सोमवार शाम को झूला टूटने से स्कूली बच्चें घायल होने से 2 बालिकाओं को अधिक चोट आने पर उन्हें जिला चिकित्सालय के आईसीयू वार्ड में भर्ती किया गया है। इस मामले में कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने स्वयं संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन द्वारा इस घटनाक्रम में जांच के आदेश जारी किए गए है। वहीं पुलिस प्रशासन द्वारा मेले में उक्त झूले के मालिक एवं ऑपरेटर पर एफआईआर दर्ज की गई है। जिसके चलते मेले में बाकी झूले-चकरियों को हटाए जाने के साथ उक्त झूले को क्षतिग्रस्त अवस्था में यथावत रखा गया है।

### दुकानदारों ने भी हटाई दुकाने

मेले में झूले-चकरी के साथ कपड़े, श्रृंगार, सौंदर्य प्रसाधन, बच्चों के खिलौने, स्वल्पाहार आदि की भी करीब 40-50 दुकाने लगी थी, जो मेले की समयावधि समाप्त होने के बाद दुकानदारों ने हटा दी है। मेले में झूले-चकरी को खोलने के लिए जेसीबी मशीन की मद्द लिए जाने के साथ मेलास्थल से निकले कूड़े-कचरे की नगरपालिका की स्वच्छता शाखा द्वारा सफाई कर पूरे मैदान को साफ-सुथरा किया गया है। 21 जनवरी को मेला स्थल पर सन्नाटा पसरा दिखाई दिया।

# 26 को महाआरती व महाप्रसादी का आयोजन



**झाबुआ।** शहर के कॉलेज मार्ग स्थित प्राचीन श्री खोड़ियार माता मंदिर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी खोड़ियार माता मंदिर समिति द्वारा मातारानी का प्राकट्योत्सव दो दिवसीय आयोजन के साथ 25 एवं 26 जनवरी को मनाया जाएगा।

जानकारी देते हुए मंदिर समिति से जुड़े विरेन्द्रसिंह चौहान ने बताया कि 25 जनवरी, रविवार रात 8 .30 बजे से श्री सिद्धी विनायक म्यूजिकल आर्केस्ट्रा पार्टी द्वारा समुधर संगीतमय श्री खाटू श्याम संकिर्तन का आयोजन रखा गया है, जो देर रात तक चलेगा। 26 जनवरी, सोमवार सुबह मातारानी का विशेष श्रृंगार, आरती बाद दोपहर 12 .30 बजे से महाआरती का आयोजन होगा। महाआरती पश्चात् दोपहर 1 बजे से महाप्रसादी ( भंडारे ) का आयोजन रखा गया है, जो शाम करीब 5 बजे तक चलेगा। 26 जनवरी को खोड़ियार माता का प्राकट्योत्सव होने से दिनभर मंदिर में भक्तों की दर्शन-पूजन के लिए भीड़ रहेगी। खोड़ियार माता मंदिर समिति द्वारा शहर की धर्मप्रेमी जनता से दो दिवसीय आयोजन में अधिकाधिक संख्या में पधारकर लाभ लेने हेतु अपील की है।



# प्राकृतिक खेती से आय के साथ बेहतर स्वास्थ्य भी पा सकते हैं किसान : सुनीता चौहान

▸ कृषि विज्ञान केंद्र में प्राकृतिक खेती पर एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं विचार-विमर्श कार्यक्रम आयोजित

**आलीराजपुर ।** कृषि तकनीकी अनुप्रयोग अनुसंधान ज़ोन के अंतर्गत आलीराजपुर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में प्राकृतिक खेती विषय पर जनप्रतिनिधियों के साथ एक दिवसीय विचार-विमर्श सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के प्रारंभ में किसानों को क्षेत्र के सफल प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों की कहानियों पर आधारित फिल्में दिखाई गईं, जिनमें प्राकृतिक खेती को एक वरदान के रूप में प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता इंदर सिंह चौहान ने इस अवसर पर कहा कि आने वाले समय में प्राकृतिक खेती ही किसानों के लिए सबसे बड़ा धन सिद्ध होगी। केंद्र एवं प्रदेश सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही हैं। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती अपनाने से किसानों को न केवल अच्छी आय प्राप्त होगी, बल्कि वे स्वयं और उनका परिवार भी बेहतर स्वास्थ्य लाभ पा सकेंगे।

कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. राकेश यादव ने आयोजन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्राकृतिक खेती भविष्य की आवश्यकता है। प्राकृतिक खेती करने वाले किसान जहां मौसम के अनुकूल खेती करेंगे, वहीं अपने उत्पादों के माध्यम से समाज को भी स्वस्थ जीवन प्रदान कर सकेंगे।बोरकुंआ के सरपंच श्री सुरेश चौहान ने कहा कि यह कार्यक्रम सभी के लिए अत्यंत उपयोगी रहा। इसमें प्राकृतिक खेती की विधियों के साथ-साथ कृषि विज्ञान केंद्र में तैयार की जा रही जैविक दवाइयों एवं पशुपालन से संबंधित जानकारी भी दी गई। उन्होंने कहा कि भविष्य में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए सभी मिलकर कार्य करेंगे। कार्यक्रम के दौरान श्री सुदीप तोमर द्वारा जनप्रतिनिधियों को प्राकृतिक खेती का प्रायोगिक प्रदर्शन भी किया गया। साथ ही मोटे अनाज ( श्री अन्न) से जुड़े विषयों पर जानकारी दी गई। कृषि विज्ञान केंद्र के डॉ. प्रजापत ने जैविक खेती से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं को प्रस्तुतीकरण के माध्यम से समझाया। कार्यक्रम में आलीराजपुर विकासखंड के विभिन्न सरपंच एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



# मुख्य सचिव की अध्यक्षता में कलेक्टर-कमिश्नर एवं एसपी कॉन्फ्रेंस की समीक्षा बैठक संपन्न

**आलीराजपुर। मुख्य सचिव अनुराग जैन की अध्यक्षता में मंत्रालय में कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस एवं कलेक्टर-पुलिस अधीक्षक कॉन्फ्रेंस के पालन प्रतिवेदन बिंदुओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं जिला आलीराजपुर से कलेक्टर नीतू माथुर, पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह, प्रभारी जिला पंचायत सीईओ श्री वीरेन्द्र बघेल, उप पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप पटेल सहित समस्त विभागों के प्रमुख अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।**

बैठक के दौरान मुख्य सचिव जैन ने कानून व्यवस्था से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा की। इसमें कानून व्यवस्था लागू के एक्शन प्लान, मुस्कान अभियान, ड्रग फ्री इंडिया, एनकॉर्ड , सड़क सुरक्षा, अवैध खनन सहित अन्य विषय शामिल रहे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही सुशासन से संबंधित बिंदुओं पर भी विस्तृत चर्चा की गई। राजस्व प्रकरणों के निराकरण, लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत प्रकरणों, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन शिकायतों की स्थिति, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, कृषि विकास एवं कल्याण, उद्यानिकी, मत्स्य एवं पशुपालन, स्वास्थ्य एवं पोषण, स्वच्छ जल अभियान तथा मनरेगा सहित सभी विभागों की प्रगति की समीक्षा की गई।

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे सुशासन की दिशा में सत्यनिष्ठा, ईमानदारी एवं समयबद्धता के साथ कार्य करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए संवेदनशीलता के साथ जनसुनवाई करें तथा टीमवर्क की भावना से सरकार की मंशा के अनुरूप योजनाओं को धरातल पर उतारना सुनिश्चित करें।

# ई-विकास प्रणाली अंतर्गत ई-टोकन से खाद वितरण किया

**आलीराजपुर ।** कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने सहकारिता विभाग एवं कृषि विभाग को ई-टोकन प्रणाली व्यवस्था के तहत खाद वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। निर्देशों के परिपालन में जिले के किसानों को भी अब राज्य शासन द्वारा लागू की गई ई-विकास प्रणाली अर्थात ई-टोकन से खाद का वितरण किया जा रहा है। इसी क्रम में आज सहकारी संस्था झिरन, जिला आलीराजपुर द्वारा किसानों को ई-टोकन के माध्यम से खाद वितरित किया गया। खाद वितरण की इस व्यवस्था से किसानों को लम्बी-लम्बी कतारों में खड़ा नहीं होना पड़ेगा। साथ ही बिचौलियों की भूमिका और कालाबाजारी पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकेगा। इस व्यवस्था से किसानों को उर्वरक का वितरण मांग के अनुरूप आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकती है।



एक नजर में ▸ पुलिस कंट्रोल रूम में शांति समिति की बैठक हुई

# धार भोजशाला में बसंत पचंमी को लेकर जिले की व्यवस्था संबंधी चर्चा

**झाबुआ। धार में दो संप्रदाय के बीच चल रहे भोजशाला विवाद के बीच भोजशाला में 23 जनवरी को हिन्दू समाज द्वारा बसंती पंचमी पर्व मनाए जाने एवं मुस्लिम समाज द्वारा 23 जनवरी, शुक्रवार को जुम्मे की नमाज होने से जिले की व्यवस्थाओं संबंधी चर्चा को लेकर पुलिस कंट्रोल रूम में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। जिसमें जिले में बसंती पंचमी पर होने वाले कार्यक्रमों के साथ शांति समिति सदस्यों से इस संबंध में सुझाव आमंत्रित किए गए।**



यह बैठक एसडीएम भास्कर गाचले, एसडीओपी रूपरेखा यादव एवं थाना प्रभारी आरसी भास्करे के आतिथ्य में हुई। जिसमें शांति समिति सदस्यों में हिन्दू समाज से राधेश्याम परमार 'दादुभाई', चेतना चौहान, सकल व्यापारी संघ सचिव हिमांशु त्रिवेदी, स्वदेशी जागरण मंच से जुड़े अनिल पोरवाल, मुस्लिम पंचायत के जिला सदर जाकिर कुरैशी, पार्षद रशीद कुरैशी, भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सोनू अली सैयद, युवा मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी दौलत गोलानी आदि उपस्थित रहे। बैठक में दोनो समाजों के प्रतिनिधियों से प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों द्वारा धार भोजशाला में 23 जनवरी, शुक्रवार को प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हिन्दू समाज द्वारा बसंती पंचमी मनाए जाने एवं मुस्लिम समाज द्वारा जुम्मे की नमाज होने से जिले की सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा हुई। दोनो समाजों के प्रतिनिधियों से चर्चा कर जानकारी ली गई कि धार में इस दिन होने वाले कार्यक्रमों में जिले से कोई व्यक्ति शामिल हो रहा है या नहीं। जिला प्रशासन की ओर से एसडीएम भास्कर गाचले ने बताया कि फिलहाल धार भोजशाला का मामला कोर्ट में विचाराधीन है एवं शासन के आदेश पर धार जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन ने इस दिन वहां विशेष इंतजाम किए है। इस दिन कार्यक्रम में धार जिले के अलावा कोई भी बाहरी व्यक्तियों को शामिल होने की अनुमति नहीं है।

### जिले में होने वाले कार्यक्रमों पर हुई चर्चा

शांति समिति की बैठक में 23 जनवरी, शुक्रवार को बसंती पंचमी पर हिन्दू समाज एवं मुस्लिम समाज की ओर से होने वाले कार्यक्रमों पर भी चर्चा की गई। एसडीएम भास्कर गाचले एवं एसडीओपी रूपरेखा यादव ने बताया कि जिले में भी इस दिन सुरक्षा के विशेष इंतजाम रहेंगे। यह बैठक करीब आधे घंटे तक चली। अंत में पधारे शांति समिति सदस्यों के प्रति आभार थाना प्रभारी आरसी भास्करे ने माना।